भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 909

जिसका उत्तर 04.12.2025 को दिया जाना है

राष्ट्रीय राजमार्ग-34 के खंड का निर्माण

909. श्री राहुल सिंह लोधी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि दमोह संसदीय निर्वाचन क्षेत्र (07) के अंतर्गत आने वाले गुलगंज-हीरापुर चौराहा से दमोह तक राष्ट्रीय राजमार्ग-34 के खंड के निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है;

(ख) यदि हाँ, तो क्या हटा नाका-दमोह को बाईपास के माध्यम से कटनी रोड पर समन्ना बाईपास से जोड़ने का प्रावधान किया गया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार का शहर पर यातायात का भार कम करने और कटनी से आने वाले तथा छतरपुर एवं पन्ना की ओर जाने वाले वाहनों की यात्रा दूरी लगभग दस किलोमीटर कम करने की आवश्यकता के आलोक में बाईपास/रिंग रोड के निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान करने का विचार है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) जी, हाँ। गुलगंज-हीरापुर खंड के 4 लेन निर्माण का कार्य पहले ही शुरू हो चुका है। अभी वास्तविक प्रगति लगभग 60% है और इसे पूरा करने की निर्धारित तिथि अगस्त 2026 है। हीरापुर-दमोह खंड के 2 लेन निर्माण के कार्य को भी दिनांक 31.03.2025 को मंज़ूरी दे दी गई है, जिसे नियत तिथि से 2 साल में पूरा किया जाएगा।

(ख) और (ग) जी, नहीं।

*****